## Pre-Board-2 Examination, 2018-2019

**Hindi**

**Grade: 10** | **Time: 3 Hours**

**Date: 31.01.2019** | **Max. Marks: 80**

**निर्देशः** 1 इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं- क, ख, ग,और घ।
2 चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3 यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।
4 मुद्रित पृष्ठों की संख्या 4 है। कुल प्रश्न 17 हैं।

### खंड – क

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (2+2+2+2+1) 9

किसी विदेशी शक्ति द्वारा अन्य देश पर छल-बल से राजनीतिक आधिपत्य स्थापित करके, उसका अपने हित के लिए शोषण उपनिवेशवाद कहलाता है। 'उपनिवेश' अंग्रेज़ों के 'कॉलोनी' शब्द का पर्याय है। राजनीति में इस शब्द से आशय उन देशों से लिया जाता है, जिन पर बाहरी देश ने अधिकार कर लिया है और वह उस अधिकृत देश के साधनों का अपने साम्राज्यवादी हितों के लिए दोहन करता है। औद्योगिक क्रांति के बाद प्राप्त शक्ति के सहारे यूरोप के इंग्लैंड, फ्रांस, स्पेन, पुर्तगाल, हॉलैंड आदि देश एशिया, अफ्रीका और अमेरिका ऐसे अनेक उपनिवेश शोषण वृतांतों से भरे हुए हैं। इन देशों ने अपनी संपन्नता एशिया और अफ्रीका में स्थापित उपनिवेशों के निर्मम शोषण से ही अर्जित की है। पहले के सम्राट जहाँ सैनिक शक्ति के बल पर राज्य-विस्तार करते थे, वहाँ इन नए उपनिवेशवादियों ने व्यापार और धर्म-प्रचार के बहाने अपने उपनिवेशों में प्रवेश किया और कालांतर में कूटनीति और युद्धनीति दोनों का प्रयोग करके अपनी सत्ता स्थापित करने में सफलता प्राप्त की। उपनिवेशों पर आधिपत्य के लिए साम्राज्यवादी देशों में आपस में युद्ध भी हुए और इस प्रकार उपनिवेशवाद के शिकार देशों को एक से अधिक साम्राज्यवादी शक्तियों का शिकार होना पड़ा। भारत का इतिहास इस बात का प्रमाण है।

यूरोप में भारत का नाम बहुत प्राचीनकाल से प्रसिद्ध था। यूरोप के लोग यह जानते थे कि भारत धन और ज्ञान दोनों दृष्टियों में पर्याप्त रूप से समृद्ध है। इसी समृद्धि ने सिकंदर को भारत की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। सिकंदर की चढ़ाई के बाद तो भारत और यूरोप का संबंध और भी गहरा हो गया। दोनों देशों के विद्वान दोनों देशों में आते-जाते थे और दोनों देशों के बीच व्यापार होता था, किंतु व्यापारिक मार्गों पर तुर्कों का अधिकार हो जाने से यूरोप के निवासियों के लिए भारत के साथ व्यापार करने हेतु नए मार्ग तलाशना आवश्यक हो गया। सन् 1498 में पुर्तगाल नाविक वास्कोडिगामा का भारत वर्ष के तट पर पहुँचना इसी खोज का परिणाम था।

भारत वर्ष तक पहुँचने के लिए यूरोप से सामुद्रिक मार्ग को खोज निकालना एक युगांतकारी घटना थी। इसके फलस्वरूप यूरोप तथा भारत के बीच प्रत्यक्ष व्यापारिक संबंध कायम हो गया। इसी समय से भारत समस्त पूर्वी जगत पर यूरोप का प्रभाव प्रारंभ हुआ। मध्ययुग की यह सबसे बड़ी घटना थी।

**क. उपनिवेशवाद से आप क्या समझते हैं?**
**ख. उपनिवेशवाद की उपज का कारण बताइए एवं उपनिवेशवादी देशों की शक्ति का स्रोत क्या था?**
**ग. भारत का इतिहास किस बात का प्रमाण है?**
**घ. मध्ययुग की सबसे बड़ी घटना कौन-सी थी और क्यों?**
**ङ. उपरोक्त गद्यांश का एक उचित शीर्षक लिखिए।**

**प्रश्न 2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए—** (2+2+2) **6**

जिसके पर्वत, खेत, घाटियों में अक्षय क्षमता है
जिसकी नदियों की भी हम पर माता-सी ममता है
जिसकी गोद भरी रहती है, मिट्टी सदा सुहागिन
उसी देश की एक कली भी यदि भूखी हतभागिन
तो चाहे तुम रेशमधारो या पहने खादी हो
और दौलत ने चाहे तुमको हर सुविधा ला दी हो
नहीं जी रहे अगर देश के लिए तो अपराधी हो।

**क. देश की धरती की कौन-सी क्षमताएँ बताई गई हैं?**
**ख. रेशम खादी आदि किसके प्रतीक हैं?**
**ग. किसे अपराधी माना गया है और क्यों?**

अथवा

जैसे धधके आग ग्रीष्म के लाल पलाशों के फूलों में,
वैसी आग जगाओ मन में, वैसी आग जगाओ रे।
जीवन की धरती तो रूखी मटमैली ही होती है,
तन-तरु-मूल सिंचाई, अतल की गहराई में होती है।
किंतु कोंपलों जैसे ज्वाला में भी शीश उठाओ रे,
ऐसी आग जगाओ मन में ऐसी आग जगाओ रे।
एक आग होती है मन को जो राह दिखलाती है,
सघन अँधेरे में मसल बन दिशि का बोध कराती है;
किंतु द्वेष की चिनगारी से मत घर द्वार जलाओ रे,
ऐसी आग जगाओ मन में ऐसी आग जगाओ रे।
आज ग्रीष्म की ऊषा कल को रिमझिम राग सुनाएगी,
तापमयी दोपहरी, संध्या को बयार ले आएगी;
रसघन आँगन में हिलकोरे, ऐसा ताप रचाओ रे;
ऐसी आग जगाओ मन में ऐसी आग जगाओ रे।

**क. कोंपलें हमें क्या प्रेरणा देती हैं?**
**ख. कवि किस प्रकार की मशाल जलाने पर बल देते हैं?**
**ग. 'तापमयी दोपहरी', संध्या को बयार ले आएगी' पंक्ति का क्या आशय है?**

## खंड – ख

**प्रश्न 3. शब्द और पद के अंतर को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।** **2**

अथवा

**वर्णो का कैसा समूह शब्द कहलाता है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।**

**प्रश्न 4. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण कीजिए—** **3**

(क) इस वर्ष पानी न बरसने के कारण फसल अच्छी नहीं हुई। (मिश्र वाक्य)
(ख) बसों की हड़ताल के कारण मैं आज काम पर नहीं जा पाऊँगा। (संयुक्त वाक्य)
(ग) यद्यपि रास्ते में कंकड़ हैं तथापि रास्ता पार करना असंभव नहीं। (सरल वाक्य)
(घ) पिंजरे में बंद तोता मिर्ची खा रहा है। (संयुक्त वाक्य)

**प्रश्न 5.** **(क) दिए गए समस्त पदों में से किन्हीं दो का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम भी लिखिए —** **2**

जलयान, क्रोधाग्नि, लंबोदर

**(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के समास-विग्रह को समस्त पद में परिवर्तित करके समास का नाम लिखिए-** **2**

(अ) घोड़े पर सवार

(ब) घन के समान श्याम

(स) न मर

**प्रश्न 6.** **निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं चार वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए—** **4**

(क) आपका मेहनत किधर चले गए?

(ख) हम खाना खा लिए हैं।

(ग) जो करेगा वह भरेगा।

(घ) पेड़ में पत्ते गिर रहे हैं।

(ङ) ये आदमी पागल हैं।

**प्रश्न 7.** **रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित मुहावरों द्वारा कीजिए—** (कोई दो) **2**

(क) दुश्मन के आक्रमण करने पर हम ............ पत्थर से देंगे।

(ख) यदि कुछ कर नहीं सकते तो शांत रहो, खून ........... का क्या लाभ।

(ग) अवसरवादी लोग लाभ पाने के लिए............ लगाते हैं।

## खंड – ग

**प्रश्न 8.** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (2+2+1) **5**

(क) 'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर समय के साथ मनुष्य की मानसिकता में आए बदलावों का उल्लेख कीजिए।

(ख) वजीर अली को कलकत्ता किसने और क्यों बुलाया?

(ग) धर्मतल्ले के मोड़ पर जुलूस क्यों टूट गया? 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

अथवा

लेखक के अनुसार जापान के लोगों को कौन-सी बीमारी ज्यादा होती है?

**प्रश्न 9.** बड़े भाई साहब पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि केवल बड़े हो जाने पर सब कुछ करने का अधिकार नहीं मिल जाता। **5**

अथवा

लेखक के अनुसार कौन-सा क्षण सत्य है और क्यों? 'पतझर में टूटी पत्तियाँ पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

**प्रश्न 10.** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (2+2+1) **5**

(क) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में कवि ने " है टूट पड़ा भू अंबर पर" के माध्यम से क्या कहना चाहा है?

(ख) संकेत देने के बाद भी गोपी श्री कृष्ण की बांसुरी क्यों नहीं लौटाती हैं?

(ग) मीरा के पदों में मीरा बाई ने अपने प्रभु को किन-किन नामों से पुकारा है?

अथवा

"कवि विहारी" ने वन को तपोवन क्यों कहा है?

**प्रश्न 11.** 'तोप' कविता के आधार पर बताइए कि क्या भारतीय अपनी धरोहारों का ध्यान रख रहे हैं? **5**

अथवा

'मनुष्यता' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं?

**प्रश्न 12.** 'टोपी शुक्ला' कहानी के आधार पर टोपी व इफ़्फ़न की परस्पर मित्रता पर प्रकाश डालते हुए स्पष्ट कीजिए कि मित्रता को मजहब की दीवारों में कैद नहीं किया जा सकता। **5**

अथवा

'हरिहर काका' पाठ के आधार पर बताइए कि समाज में रिश्तों की क्या अहमियत है?

## खंड – घ

**प्रश्न 13. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 80–100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए—** **5**

**(क) आज का युवा संसार**

- युवाओं में अदम्य साहस व शक्ति
- जागरुकता
- देश के प्रति प्रेम

**(ख) स्वरोजगार–प्रगति की ओर**

- भारतीय अर्थव्यवस्था
- समय की माँग
- युवा प्रतिभा को निखारने का मौका

**(ग) परीक्षा का भय**

- परीक्षा का अर्थ
- हमारी क्षमताओं का प्रतिबिंब
- बुद्धि का विकास
- परीक्षा का दवाब एवं निराकरण

**प्रश्न 14. सड़कों की दुर्दशा पर दुख एवं चिंता प्रकट करते हुए अपने नगर के नगरपालिका अध्यक्ष को पत्र लिखिए।** **5**

अथवा

**अपने क्षेत्र के पोस्टमास्टर को मनीऑर्डर प्राप्त न होने की शिकायत करते हुए पत्र लिखिए।**

**प्रश्न 15. छात्र सचिव की ओर से आप विद्यालय की स्वच्छता के विरुद्ध काम करने वाले छात्रों पर फाइन की घोषणा करते हुए 20–30 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए।** **5**

अथवा

**आप अपने इलाके के गरीब बच्चों को प्रत्येक शुक्रवार, शनिवार को निः शुल्क पढ़ाना चाहते हैं। उससे संबंधित सूचना तैयार कीजिए।**

**प्रश्न 16. "फैशन" के विषय में दो नवयुवतियों के मध्य हुए संवाद को 50–60 शब्दों में लिखिए।** **5**

अथवा

**ग्यारहवीं कक्षा में विषयों के चयन से संबंधित माँ व पुत्री के मध्य हुए संवाद को 50–60 शब्दों में लिखिए।**

**प्रश्न 17. घर में शुद्ध खाना बनाकर आप कामकाजी लोगों के लिए 'टिफिन सर्विस' प्रदान करने के इच्छुक हैं। इसके लिए 20–25 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।** **5**

अथवा

**अपने पुराने कंप्यूटर को बेचने के लिए 20–25 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।**